आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 143 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 04 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

## कागजों में उलझा सोलर पार्क



**मंदसौर, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल हो या इंदौर, देशभर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही है। लेकिन, जिले में तैयार योजना धरातल पर उतरने का नाम नही ले रही है। सोलर पार्क का सपना यहां देखा गया था। 337.17 हेक्टेयर भूमि अलग- अलग जगह चिन्हित भी कर ली गई। प्रस्ताव और परीक्षण के बाद मामला आगे ही नहीं बढ़ा। सूर्य की किरणों से बिजली पैदा कर जिले को आत्मनिर्भर बनान का सपना विभागीय लेटलतीफी में ही उलझकर रह गया है। बनने से पहले ही सोलर पार्क का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया है।

जिले में सोलर पार्क के लिए सरकारी अनुपयोगी जमीन को चिन्हित कर सर्वे किया गया था। सोलर पार्क के लिए सीतामऊ, सुवासरा, भानपुरा, शामगढ़ में जमीन का सर्वे कर विभाग को प्रस्ताव भेजा था। इसमें इन्वेस्टर आने पर भूमि अधिग्रहित कर शासन से विभाग ओर फिर इन्वेस्टर को सोलर लगाने के लिए देने की योजना थी। इसमें पर यूनिट 3.60 रुपए बिजली के कंपनी को मिलना थे। योजना के उद्देश्य के अनुसार सोलर उत्पादक कंपनी बिजली कंपनियों को बिजली बेचेगी। इसके लिए 337.17 हेक्टेयर की जमीन का प्रस्ताव बनाया था। अलग-अलग जगह पर सर्वे हुआ था। इसमें 1 से 5 हेक्टेयर जमीन थी। प्रस्ताव शासन स्तर पर गया और अभी वहां परीक्षण में ही है और एक कदम भी प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ा।

### सर्वे और परीक्षण के बाद आगे नहीं बढ़ी बात

### हरदीप सिंह थे उस समय मंत्री...

सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग उस समय नवकरणी ऊर्जा मंत्री थे। ऐसे में अक्षय ऊर्जा विभाग ने उस क्षेत्र की जमीन पर सोलर पार्क लगाने के लिए सर्वे करते हुए प्रस्ताव तैयार किया और मामला शासन स्तर पर पहुंचा। शासन स्तर पर परीक्षण और मंजूरी का अब तक इंतजार है।

### अनुपयोगी जमीन पर बिजली पैदा करने की योजना

सोलर पार्क के लिए अलग-अलग स्थानों पर जगह चिन्हित की। इसमें अनुपयोगी जमीन, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है, वहां सोलर प्लेट लगाकर बिजली पैदा करने की योजना थी। जिससे भूमि अधिग्रहण में भी अधिक राशि ना लगे और उपयोग आने वाले सरकारी जमीन भी सुरक्षित रहे। इसलिए सुवासरा से लेकर शामगढ़, भानपुरा तक जगह को सर्वे में शामिल किया था। पूरी प्लानिंग से प्रस्ताव तैयार किया गया। लेकिन, सोलर पार्क की परियोजना के आकार लेने से पहले ही मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब इस पर सिर्फ परीक्षण की बात कही जा रही है।







## गांधीसागर बर्ड सर्वे: दो सौ से ज्यादा प्रजातियां मिली

**मंदसौर/ भानपुरा, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर अभ्यारण्य में तीन दिवसीय बर्ड सर्वे रविवार को पूरा हुआ। इस वर्ष 09 राज्यों से 250 से अधिक पक्षी प्रेमियों के आवेदन में से 50 पक्षी प्रेमियों को सर्वेक्षण का मौका मिला। गांधीसागर अभयारण्य में पक्षी सर्वे के अंतर्गत तीसरे और अंतिम दिन रविवार को कुल 200 से अधिक प्रजातियां कैमरे में कैद की गई। इसमें रोजी पेलिकन, कॉरमोरेंट (दोनों प्रवासी पक्षी) व ब्राउन फिश आउल्ल सहित 200 से ज्यादा प्रजातियां सामने आई। ह्यूमस लाक प्रजाति का पक्षी पहली बार यहां देखा गया। पिछली बार 227 प्रजाति यहां सर्वे में मिली थी। इस बार बारिश ने सर्वे में थोड़ा खलल डाला।

### इस बार बारिश ने डाला खलल

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार से इस तीन दिवसीय पक्षी सर्वेक्षण की शुरुआत हुई। पहले दिन कार्यशाला सहित अन्य गतिविधियां की गई। इसके बाद शनिवार को सुबह व शाम यह पक्षी सर्वेक्षण चला। रविवार सुबह भी सर्वेक्षण काम जारी रहा। बता दें कि तीन दिनों में 9 राज्यों के 50 से अधिक पक्षी प्रेमी 25 निर्धारित रूट पर सुबह एवं शाम पक्षी गणना का कार्य करने में लगे रहे। अधिकारियों के अनुसार तीन दिन में 200 से ज्यादा प्रजातियां पाई गई है। गांधीसागर अभयारण्य के खुले घांस के मैदान तथा गांधीसागर जलाशय अनेकों प्रवासी पक्षियों को यहां आकर्षित करते हैं। इस पक्षी सर्वेक्षण में वन्यजीव प्रेमी संस्था वाइल्ड वारियर इंदौर के साथ कैनन कैमरा एवं गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल से इवोक एक्सपीरियंस ने सहयोग प्रदान किया।

**ब्राउन फिश आउल्ल** – नदी, डैम और तालाब के आसपास देखा जाता है, जहां यह मछलियों का शिकार करता है। यह प्रजाति दुर्लभ है। इस उल्लू का सिर बड़ा होता है और वजनी होता है। इसका मुंह बिल्ली से मिलता जुलता है और निचला भाग पीला होता है। उल्लू की ये प्रजाति पेड़ों के खोखल में या फिर पानी के पास किसी चट्टान में घोंसला बनाकर रहता है।

**रोजी पेलिकन:** यह एक वजनदार और बड़े आकार का उडने वाला पक्षी है। नर पक्षी का वजन 9 से 15 किलोग्राम तक होता है। इतना वजन होने के बावजूद यह मजबूत और तेज उडने वाला पक्षी है। रोजी पेलिकन को ग्रेट व्हाइट पेलिकन के नाम से भी जाना जाता है। यह एक बड़ा सफेद जलपक्षी है।

**भारतीय गिद्ध अपने बच्चो के साथ...** गिद्धों की आंखे बहुत तीक्ष्ण होती हैं और काफी ऊंचाई से यह अपना आहार ढूंढ लेते हैं। यह प्राय: समूह में रहते हैं। भारतीय गिद्ध का सर गंजा होता है, उसके पंख बहुत चौड़े होते हैं तथा पूंछ के पर छोटे होते हैं।

### अब तक हुए सर्वे की स्थिति...

| सर्वे | प्रजातियां |
|---|---|
| बर्ड सर्वे- | 1 226 |
| बर्ड सर्वे- | 2 222 |
| बर्ड सर्वे- | 3 220 |
| बर्ड सर्वे- | 4 246 |
| बर्ड सर्वे- | 5 227 |
| बर्ड सर्वे- | 5 दो सौ से अधिक |

### यह है खास बाते...

✻ इस वर्ष कुल 09 राज्यों से 250 से अधिक पक्षी प्रेमियों के आवेदन में से 50 पक्षी प्रेमियों को सर्वेक्षण का मौका मिला। ✻ 04 राज्यों के 10 से अधिक महिला प्रतिभागी भी हुई सम्मिलित। ✻ ह्यूमस लार्क प्रजाति का पक्षी पहली बार गांधी सागर मे रिकॉर्ड हुआ। ✻ बूंदाबादी एवं बादलों के बीच भी प्रतिभागियों ने 200 से अधिक प्रजाति के पक्षियों को अपने कैमरों में कैद किया। ✻ सर्वेक्षण के दौरान पहली बार एशियाई राज गिद्ध तथा ब्राउन फिश आउल्ल के नेस्टिंग (घोंसले) देखे गए जो यह दर्शाते है की यहाँ का क्षेत्र प्रजनन के लिए भी उपयुक्त है। ✻ इस वर्ष रही छोटी शीत ऋतु एवं सर्वेक्षण के दौरान हुई बारिश से प्रवासी पक्षियों एवं स्थानीय पक्षियों की कुछ प्रजातियां नही देखी जा सकी।

### इनका कहना...


अन्य जीवों के लिए भी अच्छे आवास स्थल हो सकते हैं। वैसे तो हर एक जीव प्रकृति का अभिन्न अंग है, किंतु किसी क्षेत्र में पक्षियों की जैव विविधता वहां के स्वच्छ पारिस्थितकीय तंत्र का सूचक है तथा गाँधी सागर में 200 से अधिक प्रजाति के पक्षियों की जैव विविधता यह दर्शाती है कि गाँधी सागर अभयारण्य के खुले घांस के मैदान तथा गाँधी सागर जलाशय अन्य जीवों के लिए भी अच्छे आवास स्थल हो सकते है। इस प्रकार के सर्वेक्षण कार्य सामान्य लोगों को वन एवं वन्यजीवों के साथ जोड़ते हुए इनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य करते हैं।

**एम आर बघेल,**
**वन संरक्षक, उज्जैन**

## पानी में बह गए 52 करोड़...

### अब भी शिवना के भरोसे, एक दिन भी चंबल से नहीं मिल पाया पर्याप्त पानी

**मंदसौर, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चंबल योजना शुरुआत से ही सवालों के घेरे में रही है। सवाल अभी भी उठ रहे हैं। 52 करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी स्थिति यह है की एक दिन भी चंबल से शहर को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया है। स्थिति यह है कि बार-बार कालाभाट बांध से पानी लेना मजबूरी बना हुआ है। अभी भी शहर शिवना के ही भरोसे है। चंबल योजना के उद्देश्यानुसार आज तक पर्याप्त पानी की आवक एक भी दिन नहीं हुई है। कभी लाइन फूट रही है तो कभी इंटकवेल पर खराबी व अन्य कारण से चंबल की धारा रुक रही है। पांच में से सिर्फ दो पंप चल रहे है वह भी प्रेशर से नहीं। रामघाट बैराज पर चंबल के पानी की धारा देख इसकी हकीकत पता चल रही है। लेकिन चंबल योजना का काम पूरा हो चुका है और भुगतान भी, भले ही मेंटेनेस ठेकेदार के पास है लेकिन रसूख के आगे नपा इतनी बेबस है कि संबंधित निर्माण कंपनी से इस पर डीपीआर अनुसार काम ही नहीं करवा पाई और ना ही अब सुधार कार्य करवा पा रही है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगी की पानी में बह गए 52 करोड़, इस योजना से किसका भला हुआ, सभी को पता है?



बता दे की शहर में होने वाली पेयजल सप्लाई में 18 एमएलडी पानी चंबल का लेने का नपा का दावा है व चार एमएलडी पानी ही शिवना से लेना बताया जाता है। जबकि, वर्षा ऋतु के बाद से अब तक चार बार रामघाट बैराज पर 10-10 फीट पानी सप्लाई में खत्म हो चुका है। उल्लेखनीय है की फेल हो चुकी चंबल योजना को बेहतर बताने का दावा भले ही किया जा रहा हो। लेकिन, जमीनी हालात सबकुछ बयां कर रहे है। शिवना नदी पर बने काला भाटा बांध में 16 फिट से भी कम पानी बचा है। जुलाई माह तक शहर की प्यास बुझाना मुश्किलों भरा हो रहा है। गर्मी में नदी के पानी का वाष्पीकरण भी होता है। जलसंकट की आहट के बाद चंबल के दोनों पंप से प्रतिदिन 18 एमएलडी पानी की आवक होने का दावा किया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है की शहर में पेयजल सप्लाई में नपा अधिक मात्रा में शिवना का ही पानी उपयोग कर रही है। यही कारण है की वर्षा ऋतु के बाद के तीन माह में नपा काला भाटा बांध के चार बार गेट खोलकर पानी को रामघाट बैराज ला चुकी है।

### कहां जा रहा चंबल का पानी...?

दावों के अनुसार चंबल से प्रतिदिन 18 एमएलडी पानी आ रहा है तो फिर वह पानी कहां जा रहा है। जबकि शहर में पेयजल सप्लाय में नपा अधिक मात्रा में शिवना का ही पानी उपयोग कर रही है। यही कारण है कि वर्षा ऋतु के बाद तीन माह में नपा काला भाटा बांध के चार बार गेट खोलकर पानी को रामघाट बैराज ला चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि चंबल से प्रतिदिन 18 एमएलडी पानी आ रहा है तो फिर वह पानी कहां जा रहा है। जबकि, शहर में प्रतिदिन 32 एमएलडी में नपा दस एमएलडी पानी शहर भर के कुओं और नलकूपों से लेती है।

### कुओं और नलकूपों से भी हो रहा सप्लाय...

शहर में प्रतिदिन 32 एमएलडी पानी सप्लाई होता है। इसमें से 22 एमएलडी रामघाट फिल्टर प्लांट से और 10 एमएलडी पानी शहर भर के करीब 100 कुओं व नलकूपों से लिया जाता है। प्रतिदिन की सप्लाई में 18 एमएलडी पानी चंबल का लिया जाता है व 10 एमएलडी कुओ-नलकूपों व चार एमएलडी पानी ही शिवना से खर्च हो रहा है। शिवना से इतना कम पानी सप्लाई में लिया जा रहा है तो फिर रामघाट बैराज पर इतना पानी क्यों कम हो रहा है इसका जवाब किसी के पास नहीं।

## गांधीसागर अभयारण्य में शिफ्ट होंगे 961 हिरण

**मंदसौर, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कूनो नेशनल पार्क के बाद मप्र में चीतों के दूसरे घर गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के आने से पहले उनके शिकार के लिए 961 हिरण शिफ्ट किए जाएंगे। दरअसल, चीतों के लिए प्रदेश के गांधी सागर एवं नौरादेही अभयारण्य को नए ठिकाने के रूप में चयनित किया गया है। इनमें पहले चरण में गांधी सागर अभयारण्य को चीतों की अगवानी करने के लिए लगभग तैयार कर लिया गया है।

### चीतों की खुराक के लिए 1200 से अधिक हिरण

चीतों की खुराक के लिए कुल 1250 हिरण लाए जाने हैं, जिनमें से 289 हिरण लाए जा चुके हैं और अब 961 हिरणों को भी जल्द ही गांधी सागर अभयारण्य में शिफ्ट किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में पालपुर कूनो में 13 व्यस्क चीते एवं आठ शावक चीते हैं। सात चीतों एवं तीन शावकों की मौत विभिन्न बीमारियों से 27 मार्च 2023 से 16 जनवरी 2024 के बीच हो चुकी है

### मप्र में 1952 से विलुप्त हो गए थे चीतें, फिर से बसाने के प्रयास

मध्य प्रदेश में वर्ष 1952 में विलुप्त हुए चीतों को फिर से बसाने के लिए 17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पालपुर कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए आठ चीते छोड़े थे और इसके बाद 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से लाए 12 चीते छोड़े गये थे। अभी विदेश से और चीते लाया जाना प्रस्तावित है। वहीं कूनो से भी चीतें शिफ्ट किए जाने हैं। इसलिए गांधी सागर अभयारण्य को चीतों की अगवानी के लिए लगभग तैयार कर लिया गया है।



### शाकाहारी वन्य प्राणी को रखने के लिए तीन बाड़े बनाएं

गांधी सागर अभयारण्य में चीतों को बसाने के लिए 64 वर्ग किमी में सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग का कार्य, चीतों के लिए क्वारंटाइन बोमा का निर्माण कार्य, क्वारंटाइन बोमा के अंदर कैमरा, पेयजल, कृत्रिम छाया का निर्माण कार्य एवं शिकार बढ़ाने के लिए शाकाहारी वन्य प्राणी के तीन बाड़ों जिनमें 50-50 हेक्टेयर के दो एवं 90 हेक्टेयर का एक बाड़ा शामिल है, को बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## कार से डोडाचूरा बरामद, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊथाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एक कार से 35 किलो डोडा चूरा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। सीतामऊथाने के उप निरीक्षक शुभम व्यास ने बताया कि मुखबीर से उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार में अवैध डोडाचूरा तस्करी कर ले जाया जा रहा है। तुरंत नाकाबंदी की जाए तो तस्कर व मादक पदार्थ पकड़ाया जा सकता है। मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस की एक टीम मौके पर रवाना हुई। इसी दौरान थाना क्षेत्र के विशनिया - रहीमगढ़ रोड़ पुलिया के निकट नाकाबंदी कर मुखबीर की ओर से बताए गए हुलिए वाली कार एमपी 14 सीसी 0733 को रोककर कार चालक को हिरासत में लिया। कार की तलाशी लेने पर कार की डिक्की में रखे प्लास्टिक के 2 बोरो में भरा अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया।


पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिलीप सिंह पिता कालू सोंधिया राजपूत उम्र 27 वर्ष निवासी पगारिया जिला झालावाड़ राजस्थान का होना बताया। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और कहां ले जा रहा था। इन तमाम सवालों के मद्देनजर रखते हुए मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है।

## क्रेटा कार से मिला 115 किलो डोडाचुरा, चालक गिरफ्तार

**मंदसौर, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एक क्रेटा कार से 115 किलो डोडाचूरा बरामद कर कार चालक को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना दलौदा पर पदस्थ सउनि अजय चौहान को मुखबीर सूचना मिली थी की अश्विन पिता सुरजाराम शर्मा निवासी पिलवा राजस्थान सफेद रंग की हुण्डई क्रेटा कार एमपी 09 सीयू 5589 मे अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा भरकर मंदसौर तरफ से जावरा होते हुए राजस्थान तरफ डोडाचुरा लेकर जाने वाला है। यदि तत्काल महू नीमच हाईवे पर नाकाबंदी की जावे तो सफलता मिल सकती है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए मन्दसौर तरफ से आ रही सफेद रंग की क्रेटा कार को रोका। कार चालक से नाम पता पुछते उसने अपना नाम अश्विन पिता सुरजाराम शर्मा उम्र 18 साल निवासी पिलवा थाना लोहावट जिला जौधपुर राजस्थान का होना बताया। कार की तलाशी में 06 सफेद रंग के प्लास्टीक के कट्टे मे भरा 115 किलोग्राम डोडाचुरा मिला। जिसे जप्त कर आरोपी अश्विन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी अश्विन शर्मा से अवैध मादक पदार्थ लाने व ले जाने के संबंध मे पुछताछ जारी है।

## पहले की तरह भाजपा का शक्ति केंद्र बन गया है मंदसौर संसदीय क्षेत्र...

**मंदसौर/ उज्जैन, 3 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में वर्तमान राजनीति की भौगोलिक स्थितियों को चिन्हित कर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाएगा की तीन दशक पहले की तरह मंदसौर- नीमच संसदीय क्षेत्र भाजपा का शक्ति केंद्र बन गया है। आज भी संसदीय क्षेत्र के आठ में से सात विधायक भाजपा के हैं और इसी क्षेत्र से राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर हैं ही और वर्तमान प्रत्याशी सुधीर गुप्ता भी लोकसभा के भावी सांसद निश्चित ही हैं। इसके पहले जनसंघ के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संभागीय शक्ति केंद्र उज्जैन था, तब भी राजनीतिक शक्ति केंद्र तत्कालीन मंदसौर जिला हुआ करता था। यह उस समय का दृश्य है जब वर्तमान छत्तीसगढ़ भी मध्य प्रदेश में शामिल था और 320 विधानसभा वाला राज्य हुआ करता था। इतने बड़े राज्य के समय तत्कालीन सरकारों में मंदसौर से दो विधायक प्रदेश सरकारों के मुख्यमंत्री बने थे। स्व. वीरेंद्र सकलेचा और सुंदरलाल पटवा। इसके पहले भी 1967 में स्वर्गीय राजमाता सिंधिया ने भी डीपी मिश्रा की सरकार गिराकर संविद सरकार स्व. गोविंद नारायण सिंह के नेतृत्व में बनवाई थी।


चन्द्रमोहन भगत

भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी के कार्यकाल में दिल्ली के बाद सबसे मजबूत केंद्र मंदसौर संसदीय क्षेत्र ही कहलाता था। इसी क्षेत्र से डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे प्रदेश अध्यक्ष और कई प्रमुख संसदीय समितियो के अध्यक्ष व सदस्य बनते रहे थे। स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा ने ही छिंदवाड़ा से लगातार जीतने वाले कांग्रेस के कमलनाथ को हराया था और अटल मंत्रिमंडल में स्थान बनाया था। अब फिर से 230 विधानसभा वाले मध्य प्रदेश में मंदसौर संसदीय क्षेत्र शक्ति केंद्र बनता जा रहा है। तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बने सुधीर गुप्ता 2014 में 3 लाख तीन हजार मतों से जीते और 2019 में 3 लाख 76 हजार मतों से चुनाव जीते थे। क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं का दावा है कि इस बार गुप्ता की जीत का अंतर 4 लाख से अधिक मतों का हो जाएगा। राजनीतिक वातावरण भी एक तरफा होने के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं की मन: स्थिति चर्चा में उजागर होने लगी है। भाजपा कार्यकर्ता अभी से सुधीर गुप्ता को मंत्री बनाए जाने का दावा भी करने लगे हैं। सतही वातावरण भी ऐसा ही बन रहा है, बीते संसद सत्र में भी गुप्ता को उनके अच्छे संसदीय कार्यकाल के कारण सांसद रत्न से नवाजा गया था।

इधर दूसरे शक्ति केंद्र राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद बंशीलाल गुर्जर बन चुके हैं। इसके पहले से राष्ट्रीय पदों पर रहने के कारण राष्ट्रीय स्तर के नेता कहलाने लगे थे। इसमें भी किसान नेता के रूप में देश भर में किसान जगत में खासी ख्याति पा चुके हैं। बीते 20 सालों में अनेक राज्यों में कहीं मोर्चे के प्रदेश प्रभारी तो कहीं चुनाव प्रभारी तो किसी राज्य में संगठन के निर्देश पर पर्यवेक्षक की भूमिकाएं करते रहने की कारण हमेशा चर्चा में रहकर राष्ट्रीय स्तर के संगठक की हैसियत पा चुके हैं। यह भी मंदसौर के लिए राजनीतिक उपलब्धि है कि राज्यसभा और लोकसभा सदस्य दोनों ही मंदसौर बीजेपी के कार्यकर्ता है। ऐसे में स्वाभाविक है कि संभाग के सभी जिलों की भाजपा की राजनीति को खंगाले तो सतही तौर पर राजनीतिक वर्गीकरण में मंदसौर- नीमच संसदीय क्षेत्र एक शक्ति केंद्र बन चुका है। उज्जैन संभाग के लिए यह भी गर्व की बात है कि संभागीय मुख्यालय उज्जैन के विधायक डॉ मोहन यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। इसलिए इन सभी नेताओं से अब भाजपा कार्यकर्ताओं और जनमत को बहुत सी उम्मीदें हैं कि भविष्य मे इन नेताओं के राजनीतिक कद के अनुरूप ही क्षेत्र में विकास योजनाओं पर काम होगा और देश भर में मंदसौर- नीमच संसदीय क्षेत्र को उच्च स्तर की पहचान भी मिलेगी।



### महाशिवरात्रि की तैयारी

महाशिवरात्रि को लेकर पशुपतिनाथ मंदिर में तैयारिया शुरू हो चुकी है तो वही शिव रात्रि के दिन बड़ी संख्या में मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहेगा, इसको लेकर मंदिर परिसर में बेरिकेटस लगाने का कार्य शुरू हुआ।




# जिला भाजपा द्वारा किया गया सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी गुप्ता का स्वागत

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र से एक बार पुन: वर्तमान सांसद सुधीर गुप्ता को अपना उम्मीदवार घोषित किया गया है जिससे संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर है। आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार सुधीर गुप्ता का जिला भाजपा पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों मोर्चे प्रकोष्ठें के पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी ,मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी पार्षद साथियों द्वारा सुधीर गुप्ता का फूल माला और दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार सुधीर गुप्ता ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राम उत्सव मनाया जा रहा है! सर्वत्र सनातन धर्म की गूंज सुनाई दे रही है। हम सभी भाग्यशाली कार्यकर्ता है कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सेवा करने का सौभाग्य सत्ता और संगठन के माध्यम से मिल रहा है। मुझे आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से एक बार पुन: पार्टी ने इस संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकसभा में दिए उद्बोधन में अबकी बार 400 पर के नारे को धरातल पर उतार कर दिखाना होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा अनुरूप हमें मंदसौर संसदीय क्षेत्र के समस्त बूथों पर पूर्व में प्राप्त मतों से 370 अधिक मत प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करना होगी। हमें गरीब कल्याण हेतु मोदी जी की गारंटी को बूथ स्तर पर ले जाना है। आज मंदसौर संसदीय क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में हमने ऐतिहासिक विकास कार्य मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र में मोदी जी की सरकार के नेतृत्व में किया है। संसदीय क्षेत्र के तीनों जिलों में मेडिकल कॉलेज, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे ,अंडर ब्रिज ओवर ब्रिज ,पासपोर्ट कार्यालय, रेलवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व ऐतिहासिक कार्य आज संसदीय क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं। हम सभी कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान में सहभागिता करते हुए लाभार्थी परिवार तक हर हाल में पहुंचना है। और प्रत्येक बूथ पर शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्देशित किए गए आवश्यक करने कार्यों को संपादित करना है। यदि हम सब कार्यकर्ता पार्टी के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते रहेंगे तो निश्चित तौर पर हम इस लोकसभा चुनाव में पिछली बार प्राप्त विजय को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकेंगे।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए प्रसन्नता की बात है की एक बार फिर भाजपा ने सुधीर गुप्ता को मंदसौर संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया है। आज पूरा देश मोदी मय है, विपक्षी दलों के कई बड़े-बड़े राजनेता उनके दल को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को आत्मसात कर रहे हैं। हर गांव शहर और घर-घर पर मोदी जी की गारंटी की चर्चा हो रही है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हो चुकी है। आज हम दुश्मन देश के सामने सिर झुका कर नहीं आंख उठाकर, सीना तान कर बात करते हैं। हमें इस लोकसभा चुनाव में जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर बूथ स्तर पर जाकर प्रत्येक बूथ पर 61% से अधिक वोट प्राप्त करने के लक्ष्य को हासिल करना है और भाजपा उम्मीदवार सुधीर गुप्ता को पुन: भारी मतों से विजय बनाना है। भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का बात है कि एक बार पुन: हम सबके वरिष्ठ हमारे मार्गदर्शक वर्तमान सांसद सुधीर गुप्ता को पुन: भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र अपना उम्मीदवार घोषित किया है। मुझे यह बताते हुए भी अत्यंत हर्ष होता है कि पूरे देश में मंदसौर संसदीय क्षेत्र ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जिसके तीनों जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं या बनने को तैयार हैं। मध्य प्रदेश में पहला सैनिक स्कूल सांसद सुधीर जी गुप्ता के प्रयास से मंदसौर जिला मुख्यालय को प्राप्त हुआ है। आज मंदसौर संसदीय क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य सांसद सुधीर जी गुप्ता के प्रयासों से हुए हैं ऐसे विकासशील सोच के व्यक्तित्व को हमें पुन: भारी मतों से विजय बनाकर लोकसभा में भेजना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पुन: एक बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की शुरुआत मंदसौर संसदीय क्षेत्र से करना है। स्वागत कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना ने किया और आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मुरडीया ने माना। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी मुकेश काला, धीरज पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, राजेश नामदेव ,राजेश पालीवाल, नरेंद्र पाटीदार, राजेश सेठिया , राजु चावला, अंकित सोनी, निलेश जैन , निर्मला गुप्ता , विक्रम सिंह चौहान, पुलकित पटवा, अरविंद सारस्वत, ईश्वर पवार, धीरज संघवी, जीवन शर्मा ,अरुण शर्मा , बंटी चौहान , राजेश गुर्जर , महेंद्र परिहार , दिनेश जाट, भारती पाटीदार, राजा बना, राहुल मुजावदिया कपिल भंडारी, पुष्पेंद्र भावसार अनिल कबाड़ी, राकेश भावसार अनूप महेश्वरी, बंशी राठौर सहित भाजपा पदाधिकारी , पार्षदजन मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नीलेश जैन ने दी।

# रासेयो शिविर के पंचम दिवस तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यान सम्पन्न




**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत बालागुड़ा के सौजन्य से आयोजित इकाई स्तरीय सप्त दिवसीय रासेयो शिविर के पंचम दिवस परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने ग्राम बालागुड़ा में कालिका माता मंदिर के प्रांगण को प्लास्टिक मुक्त करते हुए स्वच्छ व सुंदर बनाया।

रासेयो शिविर के पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में शास. महा. पिपलिया मंडी के प्राचार्य डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए स्ट्रेस मैनेजमेंट, हाउ टू से नो एवं इफेक्टिव कम्युनिकेशन के बारे में बताया। साथ ही राजीव गांधी युवा विकास संस्थान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। शास. स्नातको. महावि. मंदसौर के कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.सी.डाड ने स्वयंसेवको को बताया कि आप अगर जीवन में प्रगति चाहते हैं तो आपके उठने का समय सुनिश्चित करें और बताया कि किस प्रकार एकाग्रता से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता हैं। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.आर. डी. गुप्ता ने योग के महत्व को बताते हुए मंदसौर में संचालित सहज योग संस्थान के द्वारा संचालित योग कार्यक्रमों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.प्रेरणा मित्रा ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण तथा घर पर उपलब्ध वेस्ट में से बेस्ट कैसे बनाएं इसकी विस्तृत जानकारी दी। इसी कड़ी में महाविद्यालय के रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. खुशबू मंडावरा ने विज्ञान के महत्व, विज्ञान दिवस और उसकी थीम तथा विभिन्न वैज्ञानिकों के जीवन परिचय से विद्यार्थियों को अवगत कराया। विजन एकेडमी के डायरेक्टर श्री सुनील जी कंडारा ने स्वयंसेवको को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान कर उनका मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक कुलदीप बैरागी एवं हर्षिता पाटीदार ने किया एवं आभार प्रो. रीतु शर्मा ने माना। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों से संपर्क कर गांव में होने वाले कार्य एवं उनके द्वारा उगाई जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य, कविता एवं गीत गायन, नुक्कड़-नाटक आदि प्रस्तुत किए। प्रात:कालीन वेला में स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाली तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने विद्यालय के परिसर में स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार व कराटे का अभ्यास कराया।

# दलौदा थाने पर हुआ जनसंवाद, लोगों ने रखी जनसमस्याओं के हल की मांग

**नगरी, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** रविवार को दलोदा थाना परिसर में शासन के निर्देशानुसार पुलिस आमजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में एसडीओपी कीर्ति बघेल, दलोदा तहसीलदार निलेश पटेल, दलोदा थाना प्रभारी बलदेव सिंह चौधरी ने उपस्थित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से विभिन्न विषयों पर संवाद किया।



उपस्थित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं से उपस्थित अधिकारियों को अवगत करायों तथा संबंधित पुलिस प्रशासन से इन समस्याओं के समाधान की मांग कीं इस दौरान मुख्य रूप से दलोदा के प्रमुख मार्गों र्पर व्याप्त अतिक्रमण से आवागमन प्रवाहित होने एवं इससे होने वाली दुर्घटनाओं के निराकरण की मांग रखीं साथ ही नगर की विभिन्न कॉलोनीयों में खुले मुह की कुईयाओं को सुरक्षा दृष्टित सुव्यवस्थित रुप से ढकने की भी मांग उठीं थाना क्षेत्र की होटलों एवं ढाबों की नियमित जांच कर इन में चल रही अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की भी मांग उठीं साथ ही सर्विस लाइन पर ट्रैकों से माल की अनलोडिंग का समय निर्धारित करने की भी मांग उठीं उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने जन संवाद के दौरान नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को कहा कि सभी समस्याओं के निराकरण का प्रयास प्रशासन द्वारा किया जाएगा। प्रशासन के साथ आम नागरिकों को भी पुलिस की मदद करते हुए अवांछित घटनाओं की जानकारी समय से पुलिस को प्रदान करने की अपील की। इस दौरान भाजपा दलोदा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश अटोलिया, सुमित सेन, रामेश्वर पपोंडिया, ईश्वर लाल पाटीदार, जगदीश पाटीदार दिनेश पंवार, कैलाश जैन, हारून कुरेशी, सुरेश मीणा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## अफजलपुर थाने पर पुलिस जन संवाद का आयोजन सम्पन्न

**जोगीखेड़ा, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस जन संवाद का कार्यक्रम अफजलपुर थाने पर संपन्न हुआ। जिसमें थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध जन, गण मान्य नागरिक, सरपंच गण उपस्थित हुए। जनसंवाद कार्यक्रम में पुलिस ने ग्रामीणों से हर समय संवाद रखना, किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना जानकारी देने, छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा ना करने की बात कही। वही ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पुलिस ने कहा, 181 पर गलत शिकायत नहीं करें। शिकायत गलत पाई जाने पर कार्रवाई होगी। वही ग्रामीणों ने पुलिस से गस्त शुरू करवाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान अफजलपुर थाना पुलिस एएसआई महेश सेंगर, एएसआई केरु सींह, प्रधान आरक्षक कृष्ण पाल सिंह, आरक्षक कान सिंह, निपानिया सरपंच प्रतिनिधि बापू लाल डांगी, दिनेश हाबरीया, धर्मेंद्र मालवीय, राकेश प्रजापत, राहुल पवार सहित गणमान्य नागरिक प्रबुद्ध जन सरपंच गण एवं क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।

# अहंकार के त्याग बिना मुक्ति नहीं-साध्वी प्रिया

**नीमच, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** अहंकार के त्याग बिना जीवन का कल्याण नहीं हो सकता है। दक्ष प्रजापति का अहंकार उनके विनाश का कारण बना। विनम्रता ने श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया। श्री राम का जीवन चरित्र आदर्श मर्यादा के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह बात संत भक्ति प्रिया इंदौर की शिष्या एवं ईश्वरीय प्रेमआश्रम इंदौर की साध्वी विष्णु प्रिया जी ने कही। वे रविवार 3 मार्च को भागेश्वर महादेव आश्रम में सुबह 9 बजे आयोजित धार्मिक सत्संग प्रवचन में बोल रही थी उन्होंने कहा कि संकट



आठ प्रकार के होते हैं सभी संकट हमें जीवन में कठिनाइयों के साथ जीवन जीना सिखाते हैं।पूरे ब्रह्मांड में केवल मात्र शंकर भगवान ही ऐसे शक्तिशाली है जो प्रारब्ध में नहीं है वह भी आशीर्वाद के रूप में प्रदान कर सकते हैं। शिव कल्याण है। अनहोनी को टाल सकते हैं।शिव की आराधना कर जीवन में दु:खों को दूर करना चाहिए। कछुआ हमें अंतर्मुखी होना सिखाता है।उनके कल्याण की पहली शर्त अंतर्मुखी होना होती है ।कल्याण चाहते हैं तो नंदी की तरह बैठना होगा। एक आसन पर बैठकर अधिकार प्राप्त करना होता है। रूप धारण करना अलग होता है आचरण में लाना अलग होता है। किस समय कैसा आचरण व्यवहार करना है जो यह बात समझता है वही सच्चा ज्ञानी होता है। कर्म व्यवहार को से सही ढंग समझे तभी ज्ञानी बन सकते हैं। जीवन जीने की कला समझे वही ज्ञानी होता है।आचरण व्यवहार की सही ज्ञान नहीं होता है वह अज्ञानी होता है। लक्ष्मण विवेक वान गंभीर थे।दो बड़ों की बातचीत के मध्य कभी नहीं बोलना चाहिए। छोटे मुंह बड़ी बात नहीं करना चाहिए। सोच समझ कर विवेकपूर्ण संयमित वाणी के साथ ही बोलना चाहिए। हम वही बात बोले जिस बात का मूल्य हो।राम अंतर्यामी थे। वह घट घट को जानते थे। राम नाम जपने से जीवन का कल्याण होता है। आधुनिक युग में लोग नेट को गुरु बना रहे हैं जबकि वास्तविक गुरु माता-पिता श्रेष्ठ होते हैं उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए। मोबाइल से भ्रांतियां बढ़ती है। शुद्ध आहार होगा तो समाज में प्रतिष्ठा बढ़ती है। आलम्पिक में जाने वाले सभी खिलाड़ी शाकाहार जीवन यापन करते हैं। मांसाहार करने से शक्तिशाली बनते तो बिल्ली मांसाहार होती है। और हाथी शाकाहार होता है। लेकिन वह ताकतवर होता है।इस अवसर पर समाज के विभिन्न श्रद्धालु भक्तों द्वारा बाबा पीरु राम, और बाबा छत्तुराम के विभिन्न भजन प्रस्तुत किए गए।क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने आयोजन में सहभागिता निभाई। श्री राम कथा का 10मार्च तक प्रतिदिन सुबह9 से 11बजे तक आयोजन किया जा रहा है। और अंत में प्रसाद वितरण किया।

## श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 7 से 9 मार्च तक

**नीमच, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** नगर के अतिप्राचीनतम व आस्था के केंद्र भूतभावन भगवान श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर 7 मार्च से 9 मार्च तक तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे दिनांक 7 मार्च 2024 गुरूवार को सायंकाल आरती पश्चात मेले का विधिवत शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में होगा। 8 मार्च 2024 शुक्रवार को बाबा भूतेश्वर महादेव का महाभिषेक व फूलों से शाही श्रृंगार के साथ छप्पन भोग का आयोजन होगा।

श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश भारद्वाज, सचिव राजेन्द्र पांडे, समिति के सदस्य राधेश्याम मित्तल (भगवान), अनिल चौरसिया, प्रभुलाल नागदा, मेला समिति संयोजक अश्विन डांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को मंदिर पर किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और भव्य व्यापक मेले की तैयारियों को लेकर समस्त मदिर की साज सज्ञा, विद्युत व्यवस्था, रंगरोगन, सहित मेला प्रांगण की स्वच्छता आदि व्यवस्था की जा रही है। गत वर्ष मेले को मिली अपार सफलता को देखते हुए इस बार तीन दिवसीय भव्य मेला- भगवान भूतेश्वर महादेव पर गत वर्ष प्रथम बार दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया गया था। जिसे श्रद्धालुओं ने काफी सराहा था। गत वर्ष मेले को मिली अपार सफलता को देखते हुए इस बार मंदिर समिति ने इस बार तीन दिवसीय मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष समिति ने इसे और व्यापक स्तर पर मनाने हेतु सारी तैयारियां पुण कर ली है। इस बार मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले चकरी, मिक्की माउस व खान-पान के स्टॉल लगाई गई है। खिलौने, प्लास्टिक सामान, ज्वेलरी शॉप, मनिहारी सामान की दूकानें आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

## पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न



**नारायणगढ़, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के दिशा निर्देशानुसार 'पुलिस जन संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी अनुसार दिनांक 3 मार्च 2024, रविवार को पुलिस जन संवाद कार्यक्रम स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी श्री अनिल रघुवंशी के द्वारा झारडा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मनोज गर्ग एवं बुढ़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक भीमसिंह राठौर के सहयोग से किया गया। जन संवाद के दौरान उपस्थित जन द्वारा नगर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश, नगर के मुख्य मार्गो पर सी.सी कैमरा, किसानों में रोजगाय के द्वारा नुकसान की समस्या आदि मुख्य बिंदुओ पर चर्चा की गई एवं समस्या के समाधान हेतु आश्वासित किया गया। इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जयराज सिंह चौहान,उपाध्यक्ष वीरेंद्र रूपरा, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कुमार दक, रामप्रसाद राठौर, तन्मय रुंगरेचा, भाजपा नेता लोकेंद्रसिंह चौहान, सुनील साहू, विनय भागरिया, कांग्रेस नेता अजीत कुमठ, रामचंद्र करुण, बाबू खां मेवाती, मेडिकल ऑफिसर डॉ.अनिल पाटीदार, नगर परिषद से कैलाश शर्मा, कस्बा पटवारी सुरेश श्रीवास्तव, विद्युत विभाग से संजय चौहान आदि सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## एक बहन का निवाला छीनकर दूसरी को खिला रही भाजपा सरकार- रघुवंशी

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना योजना सरकार के गले पड़ गई है,और प्रदेश भाजपा सरकार हर महीने करोड़ो का कर्जा लेकर लाडली बहनों के खाते में पैसा डाल रही है, लेकिन इससे दूसरी बहनों का हक़ मारा जा रहा है, उसका हल सरकार कब निकालेगी.?'



उपरोक्त आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेश रघुवंशी (संगठन मंत्री- जिला मंदसौर) नें कहा है कि 'लाडली बहना योजना और सरकार की रेवड़ी नीतियों का परिणाम है कि अनेक विभाग के कर्मचारियों को तीन-तीन महीने से तनख्वाह नही मिली है। यहाँ तक की लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन की एजेंसी महिला बाल विकास विभाग के कई कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नही मिल रहा है।' रघुवंशी नें पत्र लिखते हुए कलेक्टर मंदसौर से अपील की है कि ' अगर प्रभावित कर्मचारियों के लिए शासन के पास उनकी तनख्वा देने के लिए भी बजट नही है तो अन्य किसी मद में से इन कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए, अन्यथा इस बावद कांग्रेस को आंदोलनात्मक कदम उठाने हेतु बाध्य होना पडेगा।'

# पुलिस जन संवाद की बैठक थाना परिसर पर संम्पन्न

**मनासा, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** नगर के पुलिस थाने पर पुलिस जन संवाद की बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक व्यापारी संघ, बार एसोसिएशन मंडी व्यापारी संघ , शासकीय महाविद्यालय, नगर पंचायत, के साथ ही पत्रकार परिवार ने भी पुलिस जन संवाद की बैठक में शामिल हुआ। बैठक विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ,एडिशनल एसपी ,एस डी एम पवन बारीया, तहसीलदार बी के मकवाना, एसडीओ पी वसंत उईके ,थाना प्रभारी यादव की उपस्थिति में शुरू हुई जिसमें कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुरेश मालपानी ने मंडी में आवक के समय पुलिस व्यवस्था की मांग की मंडी व्दारा बनाई चोकी पर पुलिस व्यवस्था की मांग रखने के साथ ही मंडी के बाहर वाहनों के खड़े हो जाने पर ट्राफिक जाम हो जाने की बात कही ,बार एसोसिएशन ने कोर्ट परिसर से वाहनों की चोरियां को रोकने के लिए सी सी केमरे लगाने की मांग की , कुछ समाजसेवियो ने नीमच नाका से बस स्टेण्ड व अल्हेड दरवाजा से बड़े बाजार तक हाथ थेला गाड़ी व मेन बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ ही हर गली-मोहल्ले के बाहर चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सी सी केमरे लगाने की मांग कीं। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी ने कहा की हाथ ठेला गाड़ी को हटाने के लिए व नगर में व्यापारी वर्ग के व्दारा सड़कों पर सामान रखने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस बल की आवश्यकता है। दिनेश राठौर ने बताया की किसी एक्सीडेंट व्यक्ति को इलाज के दौरान अस्पताल लेकर जाते हैं तो हमें गवाही देने के लिए बुलाया जाता है इस पर विचार किया जाना चाहिए। सभी सदस्यों की बात सुनने के बाद एडिशनल एसपी ने बताया कि सभी बातों पर अमल होगा इसमें समय लग सकता है। इस अवसर पर क्षैत्र के विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ने सभी बातों को ध्यान से सुनने के बाद कहा की भाजपा की सरकार बनने के बाद नवाचार के साथ ही जनता और प्रशासन के बीच संवाद की बात होनी चाहिए इससे अच्छे परिणाम सामने आते है और सभी को इसका लाभ भी मिलता है इससे जनता का विश्वास भी जागृत होता है। पुलिस थाने क ई ऐसे जवान है जो दस दस साल से टिके हुए हैं जब की शासन के निर्देश है की तीन साल बाद थाना बदल दिया जाता है ज्यादा दिन से टीके हुए थाने के मेनेजर बन सेटीग का काम शुरू कर देते हैं साथ ही उनके कामों की समीक्षा भी की जाना चाहिए विधायक मारू ने कहा की थाने में ठेकेदार पध्दति शूरू हो गई है जो फरियादी बन कर आता है वह अपराधी की क्षैणी में बन जाता है आंतरिक सुरक्षा पर पुलिस का पुलिस का खोफ व उसका वास्तविक रूप दिखना चाहिए यह नगर शांति प्रिय नगर है पुलिस प्रशासन जनता के बीच विश्वास पैदा करे। ऐसे संवाद हर दो माह में होना चाहिए।इस अवसर पर एडिशनल एसपी ने कहा की शीघ्र ही सभी बातों पर अमल किया जायेगा इस अवसर पर एसडीएम पवन बारीया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन पर एसडीओपी वसंत उईके ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## थाना नई आबादी में पुलिस जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मेनपुरिया, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** थाना नई आबादी पर रविवार को पुलिस जन संवाद शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक श्री सतनाम सिंह, उप निरीक्षक श्री महेंद्र सिंह यादव द्वारा जिसमें थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। और आगामी त्यौहार को लेकर शांतिपूर्ण मनाने की अपील की मंदसौर पुलिस द्वारा जिले के समस्त 16 थाना क्षेत्रों में पुलिस जन संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनो, तथा व आमंत्रित व्यक्तियों से थाना क्षेत्र के सुरक्षा का वातावरण, पुलिस से अपेक्षा, सुरक्षा संबंधित समस्याओं एवं सुझाव लिए गए। इस अवसर पर ग्रामीण के सभी वरिष्ठगणमान्यजन, पत्रकार बंधु, समाजसेवी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभव का लाभ मंदसौर को दें-टांक




**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** मन्दसौर नगर में लगभग 5000 वरिष्ठनागरिक निवास करते हैं जो पूरी तरह से शारीरिक, पारिवारिक व आर्थिक रूप से सामर्थ्यवान हैं। जिनके पास अपने जीवन भर की अनुभव की पूंजी है। यदि उनमें से दस प्रतिशत भी एक माह में मात्र एक घंटे का समय निकालकर आपके अपने मन्दसौर नगर के विकास में, स्वच्छ, सुन्दर बनाने व जल संवर्धन अभियान में अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हैं तो यह उनका बहुत बड़ा उपकार होगा। उक्त बात वरिष्ठ समाजसेवी बंशीलाल टांक ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पदयात्रा में चन्द्रशेखर शर्मा, रामचंद्र रैकवार, डॉ. देवेन्द्र पौराणिक, सिद्धार्थ तंवर, अजीजुल्लाह खान, राजाराम तंवर, रमेश सोनी, सत्यनारायण सरगरा आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

## विधायक कमलेश्वर डोडियार समर्थकों को रतलाम एसपी ने फटकारा, बोले....

# सौ-दो सौ लोगों को लाकर कुछ भी करवा लोगे क्या..?

**रतलाम, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** सैलाना से बीएपी (भारत आदिवासी पार्टी) के विधायक कमलेश्वर डोडियार व प्रतिनिधि दशरथ डिंडोर पर अवैध वसूली का मामला दर्ज होने के बाद अब पुलिस के तेवर सख्त हो गए हैं। शनिवार को कमलेश्वर के समर्थक प्रकरण दर्ज करने के विरोध में व बाजना के मेडिकल स्टोर संचालक तपन राय पर कार्रवाई के लिए ज्ञापन देने एसपी कार्यालय पहुंचे तो एसपी राहुल लोढा ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। एसपी ने कहा कि थाने पर भीड़ जमाकर, सौ-दो सौ लोगों को लाकर कुछ भी करवा लोगे क्या। सिर पर बैठ जाओगे। प्रतिनिधिमंडल से एसपी ने कहा कि कानून के दायरे में बात रखें तो कार्रवाई जरूर होगी।

दरअसल कमलेश्वर के खिलाफ बाजना के मेडिकल स्टोर संचालक तपन राय ने अवैध रुप से एक करोड़ रुपये की मांग करने की शिकायत पुलिस को की थी। कमलेश्वर ने इसे बीजेपी की साजिश बताया है। मामले में जयस कार्यकर्ताओं, विधायक समर्थकों ने शनिवार को एसपी आफिस का घेराव करने घोषणा की थी।



इसके चलते एसपी आफिस के आसपास बैरिकेडलगाकर नाकाबंदी की गई थी, लेकिन कार्यकर्ताओं ने घेराव नहीं किया। दोपहर करीब 12 बजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशु निनामा, जिला पंचायत सदस्य चंदू शहद डोडियार, राजेंद्र मईडा के साथ एसपी आफिस पहुंचे। उन्हें गेट के बाहर ही रोक दिया गया। एएसपी राकेश खाखा ने वहां पहुंचकर ज्ञापन लिया। इसके बाद पांच-सात प्रतिनिधियों ने एसपी राहुल कुमार लोढा से जाकर चर्चा की।

**अवैध क्लीनिक सील कर प्रकरण दर्ज करें**–ज्ञापन में कहा गया है कि बाजना में तपन राय द्वारा 14 वर्ष से मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है। उसकी आड में पीछे की तरफ अवैध क्लीनिक चलाया जा रहा है। बाजना बीएमओ डा. हिमांशु राव एवं मेडिकल आफिसर जितेंद्र रायकवार की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान बायोमेडिकल वेस्टेज, रोगियों के बेड, गर्भ जांच की स्लाइड, बोतल लगाने का स्टेंड, खुले हुए इंजेक्शन आदि पाए गए थे। तपन राय एक ही घर के चार हिस्सों में मेडिकल स्टोर, क्लीनिक, गर्भ परीक्षण व गर्भपात रूम और सोना चांदी की दुकान चला रहा है। गरीब आदिवासियों व अन्य गरीब तबके के लोगों की फर्जी बंगाली डाक्टरों के इलाज से मृत्यु तक हो जाती है। इलाज के नाम पर ठगी की जा रही है। इन पर कार्रवाई की जाए। विधायक व उनके प्रतिनिधियों के खिलाफ असत्य आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

**एसआइटी गठित करने की मांग**–इधर विधायक कमलेश्वर ने डीजीपी को पत्र लिख प्रकरण को झूठा बताते हुए एसआइटी गठित कर जांच कराने की मांग की है। पत्र में सैलाना विधानसभा में संगठित गिरोह से लड़ने व व्यापारियों द्वारा हत्या के लिए सुपारी दिए जाने का उल्लेख कर जान को खतरा बताया है। जयस कार्यकर्ताओं ने आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बगैर लाइसेंस के इलाज करने की शिकायत की है। कलेक्टर व सीएमएचओ से चर्चा कर टीम गठित कर कार्रवाई करवाने के लिए आश्वासन दिया है। अब तक कमलेश्वर व उनके प्रतिनिधियों के खिलाफ पांच शिकायतें मिली है। दो में प्रकरण दर्ज किए गए हैं, तीन की जांच कराई जा रही है।

**राहुल कुमार लोढा, एसपी**

## एमपी ट्रांसको मंदसौर में आज मनाया जायेगा राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्य प्रदेश की 41 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से मध्यप्रदेश में भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले एम.पी. ट्रांस्को की महत्वपूर्ण कडी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने एम.पी. ट्रांस्को (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) मंदसौर के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में 04 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जायेगा। इसकेतहत मंदसौर सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर एमपी ट्रांसको के असाधारण कार्य क्षमता दिखाने वाले लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा। एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली जायेगी। इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के संदेश वाचन भी किया जायेगा।

# अनुकंपा नियुक्ति की मांग पर हाईकोर्ट की टिप्पणी-यह मृतक की संपत्ति नहीं

**जबलपुर, 3 मार्च।** हाई कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि महज उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति की मांग स्वीकार नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अनुकंपा मृतक की संपत्ति नहीं है, इस टिप्पणी के साथ याचिका निरस्त कर दी।

दरअसल, मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि याचिकाकर्ता विधिवत दत्तक पुत्र नहीं बना है। हालांकि पूर्व में उसे बालाघाट ट्रायल कोर्ट से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मिला था। सिर्फ इसी आधार पर वह अनुकंपा नियुक्ति चाह रहा था। बहरहाल, हाई कोर्ट ने तीन बिंदुओं के आधार पर निरस्त कर दी। प्रथम बिंदु के अंतर्गत कोर्ट ने साफ किया कि गरीबी कोई पहलू नहीं था और मृतक की विधवा को पारिवारिक पेंशन दी जा रही है। अनुकंपा नियुक्ति भर्ती का कोई वैकल्पिक तरीका नहीं। तीसरी महत्वपूर्ण बात यह कि अनुकंपा नियुक्ति है, मृतक की संपत्ति नहीं। कोर्ट ने गोद लेने या उत्तराधिकार प्रमाण को अनुकंपा



नियुक्ति के देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं माना।

**क्या था मामला?**–याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी पवन कुमार मसूरकर ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग वाली याचिका दायर की थी। उसका तर्क था कि वह जल संसाधन विभाग में कार्यरत स्वर्गीय प्रवीण कुमार मसूरकर का दत्तक पुत्र है। उत्तराधिकार मामले में सिविल जज वर्ग एक वारासिवनी, जिला बालाघाट की अदालत ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया था, जिसके तहत उसे प्रवीण कुमार मसूरकर का उत्तराधिकारी घोषित किया था। उसे प्रवीण कुमार की बकाया राशि के भुगतान, चिकित्सा दावे का हकदार माना गया और अनुकंपा नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए उन्हें उत्तराधिकारी घोषित किया गया।

**क्या है नियम?**–विहित विधिक प्रावधान के अनुसार 15 साल से कम उम्र के बच्चे को गोद लिया जा सकता है। इस आधार पर कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा कि हिंदू दत्तक ग्रहण और रखरखाव अधिनियम, 1956 की धाराओं के तहत 15 साल की आयु से कम उम्र के बच्चे को गोद लिया जा सकता है किंतु इस मामले में याचिकाकर्ता को 15 साल से ज्यादा की उम्र हो जाने पर गोद लिया गया। राज्य शासन की ओर से कोर्ट को बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग 23 जुलाई, 2001 के अनुसार दत्तक पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देने का कोई प्रावधान नहीं है। अतएव, याचिका पोषणीय नहीं है।

# ई-मंडी से व्यापारी और किसान दोनों को लाभ-मंडी सचिव

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** महू नीमच रोड स्थित मंदसौर की मुख्य कृषि उपज मंडी जो कि प्रदेश स्तर पर भी अपना विशिष्टस्थान रखती है। प्रदेश की बडी मंडीयों में शुमार मंदसौर कृषि उपज मंडी में भी अब ई मंडी की सुविधा प्रारंभ हो चुकी है। जिसके अंतर्गत अब किसानों के लिए घर बैठे उपज बेचने के लिए पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) की सुविधा मंदसौर मंडी में उपलब्ध कराई गई है। किसानों को अब स्लॉट बुकिंग की सुविधा ई-मंडी एप के माध्यम से मिल सकेगी। जिससे वाहनो की लम्बी कतारों से निजात मिलेगी व मंडी कर्मचारियों को भी रसीद कट्टों से छुटाकार मिलेगा। इस सुविधा के लिए मंदसौर मंडी में 30 पीओएस मशीन भी आ चुकी है जिसके तहत मंदसौर मंडी के कर्मचारी ई मंडी का कार्य संपादित कर रहे है।

मंदसौर मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसौदिया ने बताया कि किसानों को अब मंडी जाकर पर्ची बनवाने की जरूरत नहीं है। अपनी उपज बेचने के लिए घर से ही ऑनलाइन पर्ची बनवा सकते हैं। इस तरह अब किसानों को मंडी में आकर नंबर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंडी में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू हो गई है। प्रारंभित तौर पर मप्र शासन ने प्रदेश की 39 ए ग्रेड मंडियों में ई मंडी की सुविधा प्रारंभ की है जिसके अंतर्गत मंदसौर मंडी में भी यह सुविधा प्रारंभ हो चुकी है। ई मंडी से व्यापारियों और किसानों दोनो को लाभ है।

श्री सिसौदिया ने बताया कि ई मंडी के माध्यम से किसान फसल बेचने एप के माध्यम से बुकिंग कर सकते है। फसल बेचने के लिए अभी तक किसानों को अनाज लेकर मंडी आना पड़ता था। यहां वाहनों के नंबर लगाए जाते थे। किसानों को नाम, पता और अनाज की एक पर्ची बनवानी पड़ती थी। इसके बाद निलाम होने तक इंतजार करना पड़ता था। अब मंडी समिति ने एप की व्यवस्था की है, जिससे किसान घर बैठे अनाज बेचने के लिए नंबर लगा सकता है। अब किसान घर से निकलते समय ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर मंडी पहुंचने पर सीधे मंडी में प्रवेश ले सकेगा। इससे लम्बी कतारों से निजात मिलेगी किसानों को दो तीन दिन तक वाहनों का लगने वाला भाडा भी नहीं लगेगा। मंदसौर का किसान प्रदेश की किसी अन्य मंडी में उपज बेचने जाना चाहता है तो इसी आईडी से वहां भी प्रवेश मिल सकेगा। ई मंडी के माध्यम से किसान फसलों के लाइव रेट से भी अपडेट होते रहेगे।

**प्रतिदिन 250 से 300 किसानों के किये जा रहे पंजीयन**–मंडी सचिव ने बताया कि जनवरी माह से ई मंडी की सुविधा प्रारंभ हो चुकी थी। फरवरी माह में इस कार्य में तेजी आई है। अभी हम प्रतिदिन 250 से 300 किसानों के पंजीयन प्रतिदिन कर रहे है। अब तक 1500 से अधिक किसानों के पंजीयन ई मंडी में हो चुके है। पंजीयन मोबाईल नम्बर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें प्रथम बार किसान की सम्पूर्ण जानकारी अपलोड होती है। इसके बाद आईडी बन जाती है। यह आई मध्यप्रदेश की प्रत्येक मंडी में मान्यता प्राप्त होगी।

**अभी अनाज संबंधित फसलों में हो रहा है पंजीयन**–मंडी सचिव ने बताया कि अभी शुरूआती तौर पर हम कम आवक वाली फसलों को ई मंडी में जोड रहे है। ताकि व्यवस्था बनी रही क्योंकि अभी ई मंडी को हमारे कर्मचारियों के साथ किसान भी सिख रहे है धीरे - धीरे लहसुन और सोयाबीन को भी ई मंडी से जोडा जायेगा।

**एमपी फॉमगेट एप्प की सुविधा भी शुरू**–एमपी फॉमगेट एप्प की सुविधा भी मंदसौर मंडी में प्रारंभ हो चुकी है जिसके अंतर्गत किसान घर बैठे अपनी फसल का फोटो और रेट इस एप्प पर डालते है और जो व्यापारी इच्छुक होता है वह अपने रेट डालकर सौदे करते है। यह सुविधा भी मंदसौर मंडी में प्रारंभ हो चुकी है।



# विनोद गर्ग के निधन पर फुटबाल खिलाड़ियों ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** नगर के प्रसिद्ध व्यवसाई, समाजसेवी, धर्मप्रेमी और खेल प्रेमी श्री विनोद गर्ग (भाईसाहब) के निधन पर चंबल फुटबॉल क्लब और जिला फुटबॉल संघ मंदसौर ने नूतन फुटबॉल स्टेडियम में श्रद्धांजलि का आयोजन किया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। 27 फरवरी को श्री विनोद जी का मंदसौर में उनके निवास पर निधन हो गया था।

श्री विपिन शर्मा ने बताया कि श्री विनोद जी चंबल फुटबॉल क्लब और जिला फुटबॉल संघ दोनो के संरक्षक थे। उन्होंने सदा समाज की बेहतरी और खेल को बढ़ावा देने का कार्य किया। वहीं दीपक शर्मा जी ने कहा की श्री गर्ग जी ने मंदसौर में फुटबॉल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कई स्पर्धाएं आयोजित की, जिसमे गत वर्ष आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट से मंदसौर नगर का नाम पूरे भारत में रोशन हुआ। श्रद्धांजलि सभा आयोजन में जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष श्री बाबूलाल गुर्जर, दीपू दादा, शैलू भैया, ईश्वर सिंह चौहान, सलाम भाई, अंकित मंडोवरा, जितेंद्र बावेल, अक्षय शर्मा, व्यास जी, प्रतीक रोखले, आयुष झावा, आशुतोष दुबे, राहुल नागौरी, मुकेश हिवे, वसीम खान, नरेश कोटवानी, अमित मसानिया, अंकित जाधव, निमिष दुग्गड, धवल गर्ग, पुष्पेंद्र वास्केल, अज़्जू हुसैन, आदि फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित थे।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का सम्मेलन संपन्न

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय व जिला सम्मेलन कल यश नगर स्थित लायन डेन परिसर में संपन्न हुआ। इस संभागीय व जिला सम्मेलन में मंदसौर जिले सहित पूरे उज्जैन संभाग के श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुड़े सदस्यों ने भागीदारी की। यह संभागीय सम्मेलन 3 सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश पदाधिकारियो, संभाग पदाधिकारियों का स्वागत एवं संगठन पर चर्चा का सत्र हुआ। द्वितीय सत्र में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सम्मेलन में पधारे अतिथियों का स्वागत अभिनंदन एवं मंदसौर जिले के छह समाज सेवियों को मालव रत्न सम्मान प्रदान किया गया। तृतीय सत्र में मंदसौर जिले में सर्वाधिक सदस्यता करने वाले ब्लॉक, शीघ्र सदस्यता पूर्ण करने वाले ब्लॉक एवं सम्मेलन आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

# आज से शुरू होंगे एडीपीओ के लिए इंटरव्यू

**इंदौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** सालभर इंतजार करने बाद मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) परीक्षा के साक्षात्कार की प्रक्रिया सोमवार से शुरू करने जा रहा है। साक्षात्कार की प्रक्रिया से पहले आयोग ने उम्मीदवारों के लिए गाइडलाइन जारी की है।

इसके तहत इन्हें साक्षात्कार के लिए आधा घंटे पहले यानी साढ़े नौ बजे आयोग कार्यालय पहुंचना होगा। यहां शैक्षणिक योग्यता सहित सारे प्रमाण पत्र व जरूरी दस्तावेज सत्यापित करवाकर देना होंगे। आयोग ने साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरे महीनेभर रखी है। रोजाना दस से पंद्रह उम्मीदवारों को इस प्रक्रिया से गुजरना होगा। 2105 के बाद 2021 में एडीपीओ की परीक्षा के लिए एमपी पीएससी ने विज्ञापन निकाला था। इसके बाद 22 दिसंबर 2022 परीक्षा करवाई गई। महज 13 दिन बाद यानी 4 जनवरी 2023 को परिणाम भी घोषित करते हुए 256 पदों के लिए 900 अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। इसके बाद से ही उम्मीदवार साक्षात्कार कर इंतजार कर रहे थे। एक साल बीत जाने के बाद भी जब साक्षात्कार की तारीख घोषित नहीं हुई तो परीक्षार्थियों ने आयोग के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। नाराज उम्मीदवारों ने भोपाल जाकर भी ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद 1 फरवरी 2024 को आयोग ने साक्षात्कार की तारीख तय की। जिसके अनुसार 4 मार्च से 4 अप्रैल के बीच साक्षात्कार होंगे।

## ई-जनसुनवाई आज

**नीमच, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा आयोजित की जा रही है।ईम जनसुनवाई सोमवार 4 मार्च को प्रात: 10:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की जा रही इस ई-जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दिनेश जैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्राम पंचायत समेल, लासुर ,सरवानिया मसानी, केशरपुरा, दामोदरपुरा के ग्रामीणो से चर्चा कर उनकी समस्या सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे।

# पिपलिया पुलिस चौकी पर जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न



**पिपलियामंडी, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** रविवार को पिपलिया मंडी पुलिस चौकी पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, पुलिस ने यह कार्यक्रम आम लोगों के बीच से पुलिस की दूरियां मिटाने के लिए थानों में जनसंवाद किया है, तहसील के थानों पर एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी व सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी ने आज लोगों से जनसंवाद कर लोगों की समस्याएं सुनी। एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया इस नवाचार का मक़सद यह है की पुलिस और लोगों के बीच जो दूरियां है उनकों मिटाया जा सके, इसके अलावा लोगों को पुलिस पर भरोसा होना चाहिए कि पुलिस आमजन के साथ है, जनसंवाद को लेकर मुख्यमंत्री ने पुलिस के आला अधिकारियों कों निर्देश दिए थे कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं को जाने और उनका निराकरण करें जिसकों लेकर आज पुलिस द्वारा आज जनसंवाद कार्यक्रम किया है।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्याम मीणा ने आज अध्यापक शिक्षक संवर्ग की विभिन्न मांगों को लेकर अपने सैकड़ो साथियों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी महोदय प्रतिनिधि व डीपीसी श्री लोकेंद्र डाबी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया की जुलाई 2006, 2007, 2008 में नियुक्त अध्यापक शिक्षक संवर्ग को 2018 में 12 वर्ष पूर्ण होने पर क्रमोन्नति मिल जानी थी। जो कि आज दिनांक तक नहीं मिली है लंबे समय से क्रमोन्नति के आदेश लंबित थे किंतु राज्य शासन ने चुनाव के पूर्व आदेश जारी कर अध्यापक शिक्षक संवर्ग के सभी शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ दिया। जिसका आदेश सभी जिला शिक्षा अधिकारी को दिया गया था उक्त आदेश को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पृष्ठांकन कर जिले के सभी संकुलों से जानकारी चाही गई थी लेकिन आज दिनांक इस कार्य को किसी भी संकुल ने प्राथमिकता से नही किया। संकुलों प्राचार्यों र्की लापरवाही से अभी तक जिले के अध्यापक शिक्षक वर्ग के साथी क्रमोन्नति से वंचित है। साथी ही शिक्षक संवर्ग के जो साथी पिछले कुछ वर्षों में दिवंगत हो गए हैं उनके परिजनों को आज दिनांक तक अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दी गयी।

# समग्र पोर्टल में समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करने हेतु 15 मार्च तक विशेष अभियान

### भू-स्वामी द्वारा राजस्व भू-अभिलेख को समग्र एवं आधार से लिंकिंग किया जा सकेगा, कलेक्टरों को निर्देश जारी

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** सभी जिलों में समग्र पोर्टल में नागरिकों के 'समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी' शत-प्रतिशत कराये जाने का लक्ष्य है। इस उद्देश्य से एक से 15 मार्च 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही इस दौरान भू-स्वामी द्वारा आधार सत्यापित समग्र को राजस्व भू-अभिलेख (खसरे) से लिंकिंग का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाना है।

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि नागरिकों के लिये समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से किया जा रहा है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में नागरिकों की जानकारी का सत्यापन उनके आधार, आईडी विवरण के अनुसार किया जाता है। समग्र पोर्टल पर समग्र आईडी एवं आधार की जानकारी का शत-प्रतिशत मिलान होने पर ई-केवायसी की प्रक्रिया स्वत: पूर्ण हो जाती है। यदि समग्र एवं आधार की जानकारी में अंतर है तो यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत/ वार्ड प्रभारी द्वारा सत्यापन के बाद पूरी की जाती है। आधार में त्रुटि होने पर ई-केवायसी कराने से पहले आधार सुधरवाना चाहिए। नागरिकों के लिये ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्णत: नि:शुल्क है। कियोस्क एजेन्सी को प्रति सफल ट्रांजेक्शन के लिये एमपीएसईडीसी द्वारा 18 रूपये प्रति ट्रांजेक्शन दिया जायेगा। ई-केवायसी हेतु जिलेवार, स्थानीय निकायवार, वार्डवार एवं ग्राम पंचायतवार समग्र धारकों की सूची पोर्टल पर उपलब्ध है।

**खसरे को ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी से लिंकिंग के निर्देश**–समग्र पोर्टल पर एक अलग माड्यूल के माध्यम से केवल ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी को भूमि से जोड़ने के लिये अनुरोध दर्ज कराया जा सकेगा। यह प्रक्रिया समग्र पोर्टल पर मेन्यू 'समग्र से भूमि लिंक करें' पर जाकर की जा सकेगी। यह प्रक्रिया भी एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से की जा सकती है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। यह प्रक्रिया भी पूरी तरह से नि:शुल्क है। पटवारी द्वारा सत्यापन के बाद 6 रूपये प्रति खाता एमपीएसईडीसी द्वारा कियोस्क एजेन्सी को दिया जायेगा। समग्र आईडी से लिंक्ड आधार नंबर पर यदि कोई भू-स्वामी एवं खसरा पहले से लिंक पाया जाता है तो संबंधित भू-स्वामी व खसरा विवरण की जानकारी स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। उपयोगकर्ता द्वारा जिला, तहसील, गांव और सर्वे नंबर का चयन करके भू-स्वामी का विवरण देखने हेतु सबमिट किया जाएगा। इस जानकारी के अनुसार केवल वही रिकॉर्ड प्रदर्शित हो सकेंगे जो कि पटवारी द्वारा परिमार्जित किए गए हैं। समग्र में उपलब्ध प्रथम नाम खसरे में उपलब्ध भू-स्वामी के प्रथम नाम से 100 प्रतिशत मिलान होने वाले भू-स्वामी की जानकारी ही प्रदर्शित होगी। प्रथम नाम ना मिलने की स्थिति में केवल विवरण प्रदर्शित होगा परंतु इसका चयन नहीं किया जा सकेगा। एक या एक से अधिक भू-स्वामी की आईडी का चयन करने के बाद आवेदक को आधार-आधारित सत्यापन ओटीपी अथवा बायोमेट्रिक द्वारा करने पर लिंकिंग प्रक्रिया पूरी होगी। भू-स्वामियों एवं खसरों संबंधित सूची राजस्व विभाग द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध कराइ जाएगी। सभी भू-स्वामियों का भू-अभिलेख ई-केवायसी सत्यापित समग्र से लिंक कराना सुनिश्चित किया जाए। मैदानी अमले द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में ई-केवायसी अभियान के लिये संबंधित एजेंसियों (एमपी ऑनलाईन एवं सीएससी कियोस्क) को विशेष अभियान/कैम्पेन/कैंप के लिये आवश्यक सहयोग/समन्वय प्रदान किया जायेगा। एजेंसियों के जिला स्तरीय समन्वयकों के साथ सतत संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर जिलेवार ई-केवायसी अभियान के क्रियान्वयन के लिये कार्य योजना तैयार कर कार्यवाही की जायेगी। जिले में कलेक्टर कार्यालय द्वारा ई-केवायसी अभियान कैंप के लिये स्थानों का चयन सीएससी एवं एमपी ऑनलाईन जिला प्रबंधकों के समन्वय से किया जायेगा। निर्देशित किया गया है कि जिला, तहसील, ब्लॉक, पंचायत, ग्राम और वार्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को एजेंसियों के केंद्र पर अथवा कैम्प स्थल पहुँच कर ई-केवायसी करवाने हेतु प्रेरित किया जाए। जिन समग्र धारकों के ई-केवायसी पूर्व में किये जा चुके है, एजेंसियों के माध्यम से उनके दोबारा ई-केवायसी प्रक्रिया नहीं की जाएगी। ई-केवायसी एवं भू-अभिलेख (खसरा) आधार सत्यापित करने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर ई-मेल samagra.support @mp.gov.in एवं हेल्प डेस्क दूरभाष 0755-2700800, पर संपर्क किया जा सकता है। कियोस्क एजेसिंयों के साथ राज्य स्तर पर समन्वय के लिये एमपी ऑनलाईन के लिए श्री राजेश गुर्जर, चैनल मेनेजर, मोबाइल–70499फ23814 ईमेल–rajesh.gurjar@ mponline.gov.in एवं CSC के लिए श्री मनीष बादल, प्रबंधक–मोबाइल–9079049144 ई-मेल–manish.badal @csc. gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

## युवाओं के लिए राष्ट्र और समाज दोनों महत्वपूर्ण, समर्पण के साथ दायित्व निभाने की अपील...

# 36 चयनित अग्निवीर सैनिकों का हुआ सम्मान

**मंदसौर, 3 मार्च गुरू एक्सप्रेस।** अंतरप्रांतीय सामाजिक संस्था क्षत्रिय सहयोग संस्थान मन्दसौर जिला इकाई द्वारा ' मिशन प्रहरी योजना ' अंतर्गत भारतीय सेना में चयनित 36 अग्निवीर सैनिकों का सम्मान समारोह पूर्वक किया।

रविवार को मन्दसौर महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित गरिमापूर्ण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व न्यायाधीश एवं विधि महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव श्री रघुवीरसिंह चूंडावत ने अग्निवीर सेनानियों की योजना से देश और समाज को लाभ से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि जनपरिषद जिला संयोजक एवं वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल ने कहा कि युवाओं के लिए राष्ट्र और समाज दोनों महत्वपूर्ण हैं, किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समर्पण और दायित्व दोनों अहम हैं। युवावस्था में अग्निवीर सैनिक चयन देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए बडी भूमिका मिली है ग्रामीण क्षेत्रों के युवा हमारे अंचल का गौरव बढ़ाएंगे।



डॉ बटवाल ने मिशन प्रहरी योजना प्रशिक्षक और अंतरराष्ट्रीय धावक लोकेंद्रसिंह शक्तावत (बरखेड़ा जयसिंह ) की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। उनके नेतृत्व में अबतक 65 सैनिकों का चयन होचुका है। जिला पुलिस लाइन्स इंचार्ज आर आई श्री कृष्णपाल सिंह तोमर ने चयनित अग्निवीर सैनिकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरम्भ में महाराणा प्रताप चित्र पर माल्यार्पण के साथ पूजन अतिथियों ने किया। क्षत्रिय सहयोग संस्थान संरक्षक अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्रसिंह शक्तावत ( फतेहगढ़ ) ने स्वागत उद्बोधन में जानकारी दी कि संस्थान द्वारा देश भर के विभिन्न प्रान्तों के सदस्यों का समूह है और सहयोग राशि प्रदान कर समाज हित मे सेवा प्रकल्पों का संचालन करता है। इसके माध्यम से समाज मे शिक्षा, संस्कार, रोजगार के साथ आवश्यक मदद की जाती है। मिशन प्रहरी योजना में 70 से अधिक मंदसौर, नीमच, रतलाम व आसपास के युवाओं को वर्षभर प्रशिक्षण दिया गया और हाल ही में 36 युवाओं का चयन अग्निवीर सैनिकों की परीक्षा में हुआ है।यह कोचिंग नि:शुल्क दी गई। समाजसेवी श्री दयालसिंह सेदरा, शिक्षाविद कुशाल सिंह नेनोरा, जैसलमेर पदस्थ मिलेट्री अधिकारी सामंत सिंह बरखेड़ा जयसिंह, हर्ष विश्वकर्मा आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर चयनित सभी 36 अग्निवीर सैनिकों का सम्मान अतिथियों द्वारा माल्यार्पण ओर स्मृति चिन्ह भैंट कर किया गया। समारोह में अनुपसिंह भदौरिया, कीर्तिपाल सिंह आक्यापालरा, अरविंदसिंह राठौड़ खोड़ाना, सज्जन सिंह नारायणगढ़, भगवतसिंह लावरी, रणजीतसिंह जमुनियाराव, अर्जुनसिंह भदौरिया, जितेंद्र सिंह भंडारिया, विक्रमसिंह कोयली सहित गणमान्य जन उपस्थित थे। सम्मान समारोह संचालन जितेंद्र सिंह सिसोदिया ने किया। आभार सज्जन सिंह ठाकुर ने माना।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in